सेवा में,

सचिव
संगीत नाटक अकादमी
रवीन्द्र भवन, फिरोजशाह रोड़
नई दिल्ली – 110001

आई0 सी0 एच0 योजनान्तर्गत अनुदान की किश्त के भुगतान हेतु आवेदन पत्र।

महोदया,

निवेदन करना है कि समूहन कला संस्थान (पता – एफ 6 के सामने, रैदोपुर कॉलोनी, आज़मगढ़– 276001 उ0 प्र0) को आई0 सी0 एच0 योजनान्तर्गत अनुदान प्राप्त है, जिसका संदर्भ संख्या 28-6/ICH Scheme/108/2015-16/11368 Dt. 29-01-2016 है।

इस संदर्भ में परियोजना की रिर्पोट पूर्व में भी भेजी जा चुकी है और पुनः संलग्न है –

- धोबिया नृत्य के विषय में नेशनल इन्वेन्ट्री रजिस्टर प्रपत्र।
- जंघिया/फरूवाही नृत्य के विषय में नेशनल इन्वेन्ट्री रजिस्टर प्रपत्र।
- कार्य के विषय में रिर्पोट A- फोटोग्राफ्स।
  B- धोबिया एवं जांघिया नृत्य संकलित गीत।
- Utilization Certificate & Account Report

आप से सादर अनुरोध है कि अनुदान की किश्त भुगतान करने की कृपा करे।

इसी निवेदन के साथ।

सादर !

आवेदक

(राजकुमार शाह)
निदेशक, समूहन कला संस्थान
सम्पर्क सूत्र/Mob. No. 09451565397

Scheme for "Safeguarding the Intangible Cultural Heritage and Diverse Cultural Traditions of India"

Form for National Inventory Register of Intangible Cultural Heritage of India

भारत की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत एवं परम्पराओं के संरक्षण की योजना का प्रपत्र

1. Name of the State
प्रस्तावित योजना का कार्यक्षेत्र राज्य

उत्तर प्रदेश
(UTTAR PRADESH)

2. Name of the Element/Cultural Tradition (in English)
योजना के प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा का नाम (क्षेत्रीय, स्थानीय, हिंदी एवं अंग्रेज़ी में)

धोबिया नृत्य
(DHOBIYA DANCE)

. Name of the element in the language and script of the community Concerned, if applicable
योजना के प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा से सम्बंधित समुदाय का भाषिक क्षेत्र और भाषा, उपभाषा तथा बोली का विवरण

भाषिक क्षेत्र – पूर्वी उत्तर प्रदेश
भाषा – भोजपुरी
उपभाषा और बोली – पश्चिमी भोजपुरी
भोजपुरी की तीन उपभाषाओं में से इस नृत्य में प्रयुक्त होने वाली बोली मुख्यतया पश्चिमी भोजपुरी है। लेकिन धोबिया गायन में जिलेवार भोजपुरी के बोल–चाल में थोड़ा से भेद स्पष्ट दिखाई पड़ता है और यह भेद प्रकृतिगत कारणों से है जो पूरे भारत में पायी जाती हैं।

4. Name of the communities, groups or, if applicable, individuals concerned (Identify clearly either of these concerned with the practice of the said element/cultural tradition)
योजना के प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा से स्पष्ट रूप से सम्बंधित प्रतिनिधि ग्राम, समुदाय, समूह, परिवार एवं व्यक्ति का नाम एवं संपर्क (विवरण अलग से संलग्न करें)

प्रतिनिधि ग्राम – पूर्वी उत्तर प्रदेश के अनेक गांव
समुदाय एवं समूह – धोबी समुदाय
परिवार एवं व्यक्ति का नाम एवं संपर्क – व्यक्तियों के नाम, ग्राम एवं पता आदि विवरण अलग से संलग्न है।
संलग्नक संख्या – 5

5. Geographical location and range of the element/cultural tradition (Please write about the other states in which the said element/tradition is present.
योजना के प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा के तत्त्वों की जीवंतता का विस्तारित भौगोलिक क्षेत्र (ग्राम, प्रदेश, राज्य, देश, महादेश आदि) जिनमें उनका अस्तित्व है/पहचान है ।

उत्तर प्रदेश राज्य के पूर्वी प्रदेश के विभिन्न जनपदों के विभिन्न ग्रामों में, देश–भारत (INDIA)

6. Identification and definition of the element/cultural tradition of the India (Write "Yes" in one or more boxes to identify the domain(s) of intangible cultural heritage manifested by the element. If you tick 'others', specify the domain(s) in brackets.)
i. (✓) oral traditions and expressions, including language as a vehicle of the intangible cultural heritage
ii. (✓) performing arts
iii. (✓) social practices, rituals and festive events

iv. ( ) knowledge and practices concerning nature and the universe
v. ( ) traditional craftsmanship
vi. ( ) other(s)
योजना के प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा की पहचान एवं उसकी परिभाषा/उसका विवरण

1. ✓ मौखिक परम्पराएं एवं अभिव्यक्तियाँ (भाषा इनमें अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के एक वाहक के रूप में है)

धोबिया नृत्य की परम्परायें सभी क्षेत्रों में मौखिक ही है। धोबी समुदाय के अनपढ़ लोग ही इस परम्परा के वाहक हैं जो पीढ़ी दर पीढ़ी इस नृत्य को आगे ले जाते हैं। इनके नृत्य में भाषा से ज्यादा अहम नृत्य शैली है जिसमें अन्तरंग अभिव्यक्तियां प्रकट होती हैं और यही धोबिया नृत्य की प्रमुख विशेषता है। इसके गायन में परिवेश के अनुरूप कुछ शब्दों को आशु कला के जैसे भी अपना लिया जाता रहा है। भोजपूरी के साथ–साथ इसमें क्षेत्रीयता की भी पर्याप्त झलक दिखाई देती है।

2. ✓ प्रदर्शनकारी कलाएं

खांटी लोक में जन्मा धोबिया नृत्य एक प्रदर्शनकारी कला है। धोबिया नृत्य में घाघरा, पैजामा, पगड़ी आदि परिधानों का इस्तेमाल होता है। पखावज, कसावर, घण्टी तथा रणसिंहा का प्रयोग वाद्य यन्त्र के रूप में होता है। इसके अलावा जोरदार आवाज में गीत गाने वाला गायकवृन्द भी होता है और हसोड़ पात्र की भी बड़ी भूमिका होती है। इसके अलावा कुछ नर्तक होते हैं जो थाप के साथ अपने बड़े घाघरे के साथ गोल–गोल घूमकर नाचते हैं। एक व्यक्ति मृदंग बजाता है और कुछ कलाकार घण्टी, डेढ़ताल (डण्डी) एवं झाल (मजीरा) एक साथ एक लय में बजाते हैं। गायकों एवं वाद्य यन्त्रों को बजाने वाले पंक्तिबद्ध होकर कभी खड़े रहकर तो कभी घूमकर अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। नर्तक और हंसोड़ पात्र पूरे स्थान पर नृत्य करते हुए गोलाकार शिफ्ट होते रहते हैं। नर्तक के कमर में एक चौड़ी पट्टी जिसपर ढेर सारी घण्टीयां लगी होती हैं, नृत्य में नर्तक कमर को आगे पीछे लचकाकर थाप और वाद्य यन्त्रों के साथ संगत पूर्ण नृत्य प्रस्तुत करता है जो विशेष आकर्षण उत्पन्न करती हैं। कमर में बंधी घण्टियों के साथ कमर के हिचकोले वाली नृत्य मुद्रा केवल धोबिया नृत्य में ही दिखाई देती है, जो इसकी विशिष्ट पहचान है।

3. ✓ सामाजिक रीति–रिवाज़, प्रथाएँ, चलन, परम्परा, संस्कार, एवं उत्सव आदि

आम तौर पर धोबिया नृत्य, धोबी जाति के शादी विवाह एवं अन्य अवसरों पर होता है। कालान्तर में इस नृत्य में महत्वपूर्ण सामाजिक साझेदारी निभाई और अन्य बिरादरी के भी शादी विवाह एवं अन्य अवसरों पर धोबिया नृत्य को बुलाया जाने लगा, जिससे भारत की मजबूत सामाजिक संरचना के निर्माण और धोबी समुदाय को सम्मान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

4. प्रकृति एवं जीव–जगत के बारे में ज्ञान एवं परिपाटी व अनुशीलन प्रथाएं

अनपढ़ ग्रामीणों वह भी खासकर निम्न जाति समुदाय के लोगों द्वारा किया जानेवाला नृत्य इत्यादि सीधे प्रकृति से आता है। प्रकृति ही उनकी गुरू होती है। जिसके आंचल में बैठकर इन लोक कलाओं की ककहरी बनती है। प्राकृतिक दृश्यों का वर्णन, वृक्ष वनस्पतियों, जीवो, पशुओं का जिक्र इनके गीतों में होता है।

5. पारंपरिक शिल्पकारिता
6. अन्यान्य

7. Provide a brief summary description of the element that can introduce it to readers who have never seen or experienced it
कृपया योजना के प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा का एक रुचिपूर्ण सारगर्भित संक्षिप्त परिचय दें।

धोबिया नृत्य भोजपुरी क्षेत्र के लोक नृत्य परम्परा में सांस्कृतिक जीवन की एक जीवन्त रस धारा है। लोक जीवन में लोकरंजन से ज्यादा ये ग्रामीणों के जीवन में उल्लास भरने का काम करते हैं। अपने नाम के अनुरूप "धोबिया नृत्य" धोबी जाति द्वारा किया जाने वाला लोक नृत्य है। इस जाति विशेष का काम कपड़ों की धुलाई करना है। यह नृत्य जाति विशेष के शुभ व मांगलिक अवसरों पर किया जाता है। इस नृत्य में लगभग 15 कलाकार, जिनमें से कुछ लोग वाद्य बजाते हैं और कुछ नृत्य करते हैं। वाद्य यन्त्रों में पखावज, कसावर, डेढ़ताल, मजीरा, रणसिंहा का प्रयोग होता है।

इस नृत्य में परम्परागत वेशभूषा कुर्ता, पैजामा, पगड़ी और नर्तक वृन्द सिर पर पगड़ी के साथ शरीर पर एक कुर्तीनुमा वस्त्र और घाघरा पहनते हैं, जिसमें कमर पर एक चौड़ी पट्टी में बहुत सारी घण्टियां लगी होती हैं, जिसे कमर को आगे–पीछे लचकदार झटके के साथ नृत्य किया जाता है।

नृत्य का आरम्भ वादकगण कतारबद्ध होकर वाद्यों से शुरू करते हैं, जिसमें रणसिंहा की आवाज सबसे तीव्र होती है। वाद्य यन्त्रों के साथ अन्य सभी नर्तक और एक हंसोड़ पात्र (विदुषक) नृत्य करने वाले स्थान के बीचो बीच आकर नृत्य करने लगते हैं। इसके साथ ही साथ एक नर्तक लिल्ली घोड़ी को तेज दौड़ाते हुए चारों तरफ चक्कर लगाता है। उसी के साथ–साथ हंसोड़ भी तेजी से दौड़ते हुए घूम–घूम कर नृत्य करता है। अन्य नर्तक जो घाघरा पहने होते हैं और कमर में घण्टी बांधे रहते हैं। गोल–गोल घूमकर वृहद आकार का घाघरे से घेरा बनाते हैं। लिल्ली घोड़ी का प्रयोग प्रारम्भ में नहीं था, क्योंकि यह नृत्य श्रम से उपजा है इसकी शुरूआत और विकास श्रम के बाद फुर्सत के समय को व्यतीत करने के लिए हुआ। अतः अन्य वाद्य एवं लिल्ली घोड़ी का समावेश बाद में ही हुआ जान पड़ता है।

नृत्य के प्रारम्भ में कुछ देर तक केवल नृत्य प्रस्तुत करते हैं जो धीरे–धीरे तीव्रता की ओर बढ़ता रहता है। उसके बाद अपने पारम्परिक गीतों को भी गाते हैं। मुख्य गायक की पंक्तियों को अन्य गायक दुहराते रहते हैं। इनके गीतों में कुछ पौराणिक उपख्यान और देवी देवताओं का स्तुति वन्दन आदि भी होता है इसके अलावा गायन में सामाजिक रीति–रिवाजों और सामाजिक कुरीतियों को भी रोचक ढ़ंग से गाया जाता है। उदाहरण के तौर पर कुछ पंक्तियां –

"उठाये भइया पूछे भउजी से, काहें कोहनाइल बाडू।
नही खइली ह भात, सूति गइली हैं रात,
भइया पूछे भउजी से काहें कोहनाइल बाडू
येतनी बतिया सुनते भइया गइलें भउजी के पास
के तिरिया तोहिं भूख लगल बा, के तोहि लगल पियास
तोहार सुन्नर मुँहवा काहें के झुरायल बाटें
भइया पूछे भउजी से काहें के कोहनाइल बाडू।"

यह समुदाय शैक्षिक दृष्टि से उन्नत नहीं रहा है। इनके गीत मौखिक परम्पराओं से ही विकसित हुए जिसमें सिर्फ मनोरंजन ही नहीं अपनी पीड़ा का भी प्रकटिकरण मिलता है और इनके पारम्परिक काम–क की झलक भी दिखती है। धोबी–धोबिन के संवाद जैसी चीजें भी इनके गीतों में मिलती हैं। जैसे–

मोटी–मोटी रोटिया पकड़हा हो बरैठिन
जाये के पड़ी धोबी घाट हो धनिया
जाये के पड़ी धोबी घाट हो ।

वर्तमान में इस जातिय समुदाय के कुछ सीमित लोग ही अपनी इस पारम्परिक विधा को आंशिक रू से अपनाये हुए हैं क्योंकि वो सामाजिक बदलाव के साथ–साथ सामंजस्य का अभाव महसूस कर रहे हैं औ उपेक्षित जीवन जी रहे हैं। अपनी पारम्परिक नृत्य के प्रति उन्हें सम्मान और रोजी–रोटी का अभाव जा पड़ता है। अतः इसे बचाने के लिए इनकी सुरक्षा और हित का माहौल पैदा करना होगा।

. Who are the bearers and practitioners of the element/Cultural Traditions? Are there any specifi roles or categories of persons with special responsibilities for the practice and transmission of it If yes, who are they and what are their responsibilities?
योजना के प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा के तत्त्वों के अधिकारी व्यक्ति और अभ्यासी कौन हैं ? व इन व्यक्तियों की कोई विशेष भूमिका है या कोई विशेष दायित्व है इस परम्परा और प्रथा के अभ्यास अगली पीढ़ी को संचरण के निमित्त ? अगर है तो वो कौन हैं और उनका दायित्व क्या है।

1. यह नृत्य धोबी समुदाय का जातिय नृत्य है। अतः इस पारम्परिक नृत्य के अधिकारी व्यक्ति और अभ्या धोबी समाज के लोग हैं।
2. इस जाति के लोग अशिक्षित थे। इस लोक नृत्य का कोई लिखित विधान नहीं है। यह पारम्परिक रूप पीढ़ी दर पीढ़ी स्थानान्तरित हुआ है।
3. यह लोक नृत्य वर्तमान में समाज में आंशिक रूप से ही सुरक्षित है क्योंकि बदलते समय के हिसाब से अपने को पिछड़ा महसूस करते हैं और रोजी–रोटी के लिए अन्य पेशे की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। तरफ पारिवारिक पेशा ही समाप्त हो रहा है तो दूसरी तरफ अपने पारम्परिक नृत्य को समाज के उ वर्ग द्वारा निम्न दृष्टि से देखे जाने या आत्म सम्मान न पा पाने के कारण इससे दूर हो रहे हैं अगली पीढ़ी को पर्याप्त रूप से इसके लिए प्रमोट नहीं कर रहे हैं।
4. इनकी पारम्परिक लोक संस्कृति और नृत्य को बचाने और सुरक्षित रखने का दायित्व इनके द्वारा सम्भव हो सकेगा जब इन्हें अर्थोपार्जन और सम्मान के साथ–साथ समाज और सरकार का प संरक्षण दिया जायेगा।
(इनके लोक पारम्परिक विधा को अगली पीढ़ी में स्थानान्तरित करने का दायित्व पूरा करने के लिए समर्थन और सम्बल प्रदान करने के लिए अनेकों प्रयास जबर्दस्त ढ़ंग से लम्बे समय तक करने होंगे।

How are the knowledge and skills related to the element transmitted today?
ज्ञान और हुनर/कुशलता का वर्तमान में संचारित तत्त्वों के साथ क्या अंतर सम्बन्ध है ?

- इस सांस्कृतिक विरासत के लोग जातीय समुदाय विशेष से सम्बन्ध रखते हैं जो समाज के सर्वथा

अशिक्षित वर्ग से रहे हैं, परन्तु केवल पारम्परिक ज्ञान के सहारे इनकी विधा का हुनर और कुशलता देख कर अचम्भा होता है।

- इनकी हुनर और कुशलता के आगे 'ज्ञान' शब्द फीका पड़ जाता है। इनकी विधा के सन्दर्भ में ज्ञान इनके पारम्परिक अभ्यास का कुशल परिचायक है और इसके लिए इन्हे किसी उच्च शिक्षा को प्राप्त करने के लिए किसी कॉलेज या विश्वविद्यालय की आवश्यकता नहीं होती। ये पीढ़ी दर पीढ़ी परिवार और प्रकृति के आंगन में अपने पुरखों के और बड़ो के संरक्षण में स्वतःस्फूर्त अभ्यास से न केवल कुशल बल्कि इतने पारगंत हो जाते हैं जो किसी उच्च प्रशिक्षण वाले महाविद्यालय द्वारा प्राप्त करना मुश्किल जान पड़ता है।
- ज्ञान का सम्बन्ध शास्त्रज्ञता से है ओर हुनर तथा कुशलता का सम्बन्ध लोकज्ञता से है। शास्त्रज्ञता ने लोकज्ञता को पर्याप्त सम्मान नहीं दिया है। इसका सबसे अच्छा उदाहरण आज के वर्तमान आधुनिक समाज में इन पारम्परिक कलाओं की स्थिति कैसी है, यहीं जान लेना पर्याप्त होगा। विकल्प केवल यही शेष है कि इस 'ज्ञान' को इसके पारम्परिक विद्यालय में ही समय रहते सवाँर लिया जाय और इस हुनर की निरन्तरता बनायी रखी जाए।

/hat social functions and cultural meanings do the element/cultural tradition have today for its ommunity?
ाज वर्तमान में सम्बंधित समुदाय के लिए इन तत्त्वों का सामाजिकं व सांस्कृतिक आयोजन क्या मायने रखता ?

अन्य प्रान्तों में लोक संस्कृति को समाज का पर्याप्त संरक्षण मिला, जबकि भोजपूरी क्षेत्र में गरीबी ज्यादा ी और लोग रोजी–रोटी के लिए संघर्षरत रहे और समाज का पर्याप्त समर्थन नहीं मिला। इसलिए आज र्तमान में यह समुदाय अपने इन पारम्परिक लोक तत्वों का सामाजिक एवं सांस्कृतिक प्रकाशन/आयोजन के ाए अत्यधिक दुख दर्द का सामना कर रहा है।

एक तरफ पूर्व की पीढ़ी के आंखों में अपनी लोक परम्परा को खो देने की पीड़ा स्पष्ट दिखाई दे रही । तो दूसरी तरफ पेट के लिए अगली पीढ़ो को इसे अपनाने के लिए जोर नहीं देना चाहते। पारिवारिक ा ही जब समाप्त हो रहा हो और रोजी–रोटी का संकट पैदा हो गया हो तो धन प्रधान समाज में ये म्परिक सन्दर्भों में अपने दायित्व से विमुख होने के लिए मजबूर हैं। हांलाकि बातों–बातों में यह स्वीकार ते हैं कि यदि इन्हें रोजी–रोटी की सुरक्षा, सम्मान और इनका हित सुरक्षित रहे तो ये अपनी लोक म्परिक विधाओं को संजोने और उसे आगे बढ़ाने के लिए काफी हद तक तैयार हैं।

11. Is there any part of the element that is not compatible with existing international human rights instruments or with the requirement of mutual respect among communities, groups and individuals, or with sustainable development? i.e. describe any aspect of the element/cultural tradition that may be unacceptable to Law of the country or may be in opposition to practicing community's harmony with others.
क्या योजना के प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा के तत्त्वों में ऐसा कुछ है जिसे प्रतिपादित अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार के मानकों के प्रतिकूल माना जा सकता है या फिर जिसे समुदाय, समूह या किसी व्यक्ति के आपसी सम्मान को ठेस पहुँचती हो या फिर वे उनके स्थाई विकास को बाधित करते हों, क्या प्रस्तावित योजना के तावत या फिर सांस्कृतिक परम्परा में ऐसा कुछ है जो देश के कानून या फिर उनसे जुड़े समुदाय के समन्वय को या दूसरों को क्षति पहुंचाती हो ? विवाद खड़ा करती हो ?

प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा के तत्वों में ऐसा कुछ भी नहीं है।

12. Your Project's contribution to ensuring visibility, awareness and encouraging dialogue related to the element/cultural tradition.
प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा की योजना क्या उससे सम्बंधित संवाद के लिए पारदर्शिता, सजगता और प्रोत्साहन को सुनिश्चित करती है

बदलते परिवेश में सामाजिक ताना–बाना इस कदर बदल गया है कि धोबिया नृत्य जैसे पारम्परि लोक नृत्यों की कद्र समाप्त हो गयी है। इससे भारत की परम्परागत लोक संस्कृति को भी क्षति पहुंची है।

धोबिया नृत्य का कोई लिखित साहित्य या पुस्तक नहीं है। यह मौखिक रूप से एक पीढ़ी से अगल पीढ़ी में जाता रहा है। इसके वाद्‌य यन्त्र, गायकी और नृत्य को देखकर ही बच्चों के मन पर इसके संस्क पड़ते जाते थे और वे सहजता से इसे आत्मसात कर लेते थे। इस जाति के पारिवारिक समारोहों में कि जाने वाला धोबिया नृत्य बदलते परिवेश में पीछे छूटा जा रहा है।

इसका मुख्य कारण है इनके पैतृक व्यवसाय का खत्म होना। आजीविका के लिए दूसरे व्यवसाय को अपनाना और शहर की ओर पलायन। दूसरी ओर मनोरंजन के आधुनिक साधनों को बढ़ना। इससे इ समुदाय के सम्मुख पेट भरने की और सम्मानजनक जीवन जीने की समस्या आ खड़ी हुई है।

धोबिया नृत्य को आज भी जो लोग कर रहे हैं वे आशंकित हैं कि वे कितने दिन तक इसे जीवित रख सकें क्योंकि इसके कलाकार गिने चुने हैं और अगली पीढ़ी अब इसे सीखना नहीं चाहती।

प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा की योजना से इन कलाकारों की आंखों में कुछ आशा उत्प होने के सम्भावना है। उन्हें भी ऐसा लगता है कि इस प्रकार की योजना से उनका कुछ संरक्षण किया ज तो उनकी यह मरती विधा बच जायेगी।

धोबिया नृत्य के पारम्परिक स्वरूप को यदि र्प्याप्त मंच दिया जाय और इसे बचाने का यथेष्ट प्रयास किया जाय। इसे प्रदर्शित और ख्याति दिलायी जाय तो यह समाज के अन्य लोगों का भी ध्यान आकृष्ट करेगी। समुदायों और राज्यों के बीच संवाद को बढ़ायेगी।

धोबिया नृत्य लोक जीवन की एक जीवन्त विधा है जो फैलेगी तो प्रकाश फैलायेगी। इसके लिए आवश्यक है कि इन परम्परागत लोक कलाकारों को हर सहायता देकर प्रोत्साहित किया जाय और उनकी विधा का संवर्धन किया जाय। उसके इतिहास को गहराई से समझा जाय और इनकी पारम्परिक कला का शोध–प्रलेखन लिपिबद्ध किया जाय।

समाज को इस बात के लिए जागरूक होना चाहिए कि अपनी लोक परम्पराओं और विधाओं को जीवित रखकर ही अपने अतीत को जीवित रख सकते हैं। इसलिए हमारे वर्तमान के निर्माण में इसकी सशक्त भूमिका है। हम जो आज हैं वह एक दिन में घटित घटना नहीं, अनवरत परिवर्तन की श्रृंखला की कड़ी भर हैं।

उपरोक्त बिन्दुओं के आधार पर यह बात स्पष्ट रूप से समझा जा सकता है कि प्रस्तावित योजना सम्बन्धित परम्परा से संवाद के लिए पर्याप्त पारदर्शिता, सजगता और प्रोत्साहन को सुनिश्चित करती है।

13. Information about the safeguarding measures that may protect or promote the element/cultural tradition.
(Write "Yes" in one or more boxes to identify the safeguarding measures that have been and are currently being taken by the communities, groups or individuals concerned)
( ) transmission, particularly through formal and non-formal education
( ) identification, documentation, research
( ) preservation, protection
( ) promotion, enhancement
( ) revitalization

योजना के प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा के तत्त्वों के संरक्षण के लिए उठाए जाने वाले उपायों/क़दमों/प्रयासों के बारे जानकारी में जो उसको संरक्षित या संवर्धित कर सकते हैं।
उल्लेखित उपाय/उपायों को पहचान कर चिन्हित करें जिसे वर्तमान में सम्बंधित समुदायों, समूहों, और व्यक्तियों द्वारा अपनाया जाता है।

1. औपचारिक एवं अनौपचारिक तरीके से प्रशिक्षण (संचरण)

हां, इस पारम्परिक लोक विधा के संरक्षण/संवर्धन में शिक्षा एक महत्वपूर्ण उपकरण साबित हो सकती है और इसके लिए औपचारिक एवं अनौपचारिक दोनों तरीके के प्रशिक्षण लाभकारी होंगे।

2. पहचान, दस्तावेजीकरण एवं शोध

हां, इसकी व्यापक स्तर पर खोज, पहचान एवं शोधपूर्ण प्रलेखन एवं प्रकाशन से इसका पर्याप्त

प्रचार–प्रसार किया जाना चाहिए।

3. रक्षण एवं संरक्षण

हां, इसे बचाने के लिए इनके सामाजिक हितों एवं रोजी–रोटी की उपलब्धता की दिशा में कुछ समर्थन देना चाहिए, जिससे इनके पारम्परिक स्वरूप का रक्षण एवं संरक्षण सम्भव हो सके।

4. संवर्धन एवं बढ़ावा

हां, इन लोक विधाओं को अत्यधिक संवर्धन एवं बढ़ावा दिये ज़ाने के उद्देश्य से इनकी कला के विकास हेतु पर्याप्त माहौल मिल सके। ऐसी सुविधाएं, कार्यशालाएं, मंचीय प्रदर्शन और इन्हें संवारने के सभी उपायों को अपनाने की आवश्यकता है।

5. पुनरुद्धार/पुनर्जीवन

हां, इनकी अनगढ़ता को संवारने के साथ ही साथ इसे पुनर्जीवन प्रदान करने के लिए इन्हें वेशभूषा, वाद्य यन्त्र, आर्थिक सहायता, सीढ़ी दर सीढ़ी उन्नत स्थिति प्राप्त करने हेतु कार्यशालाओं का आयोजन एवं पर्याप्त सहायता, समर्थन, आर्थिक सम्बल, प्रोत्साहन और मार्गदर्शन कर इसका पुनरूद्धार किया जा सकता है।

14. Write about the measures taken at local, state and national level by the Authorities to safeguard the element/cultural tradition?
स्थानीय, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर योजना के प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत परम्परा के तत्त्वों के संरक्षण के लिए अधिकारियों ने क्या उपाय किये उनका विवरण दें ?

स्थानीय स्तर पर प्रशासन, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर कई ऐसे विभाग एवं सरकारी संस्थायें हैं जिनके कार्य क्षेत्र में इस प्रकार के सांस्कृतिक विरासत एवं परम्परा के तत्वों के संरक्षरण का दायित्व आता है। परन्तु उनके द्वारा इस दिशा में क्या ठोस उपाय किये गये हैं। इसकी समुचित जानकारी इनके द्वारा ही उपलब्ध हो सकती है, जिसका कोई विवरण हमें प्राप्त नहीं हो सका है। यदा कदा इन इकाईयों द्वारा इस दिशा में कुछ कार्यक्रमों का आयोजन दिखाई दे जाता है, परन्तु इससे इसकी भलाई के उपाय 'ऊँट के मुँह में जीरा' के समान' ही सम्भव हो सका है। अतः इस दिशा में सभी को प्र्याप्त विचार एवं कदम उठाने की आवश्यकता है।

15. Write about the threats, if any, to the element/cultural tradition related to its practice, visibility and future longevity. Give facts and relevant reasons based on the current scenario
योजना के प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा के तत्त्वों के व्यवहार, जीवन्तता और भविष्य को क्या खतरे हैं ? वर्तमान परिदृश्य के उपलब्ध साक्ष्यों और सम्बंधित कारणों का ब्यौरा दें।

प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा के तत्त्वों के व्यवहार, जीवन्तता और भविष्य को कई प्रकार के खत दिखाई पड़ रहें हैं–

1- परम्परागत कलाकारों द्वारा आजीविका हेतु अपने पैतृक कार्यों से विलग होना, जिससे इस विधा के अस्तित्व को भी खतरा हैं।

2- अगली पीढ़ी द्वारा इन परम्पराओं को न अपनाए जाने से इन विधाओं के विलुप्त होने का खतरा हैं।
3- पारम्परिक सामाजिक बन्धनों का क्षीर्ण होना जिसमें पहले इन विधा के कलाकारों की महत्वपूर्ण सामाजिक सहभागिता हुआ करती थी ।
4- व्यवसायीकरण के दौर में मंनोरजंन के बढ़ते अन्यान्य साधनो के कारण जन समुदाय का इन विधाओं को विस्मृत और उपेक्षित किया जाना।
5- सरकार और अन्य संगठनो द्वारा इन परम्परागत कलाकारों को लाभ न पहुँचना ।
6- बदलते दौर के साथ इन विधाओं के पारम्परिक स्वरूप में तेजी से बदलाव का होना जिससे इसके मूल स्वरूप को क्षति हुई है।

उपरोक्त कारणों से इस पारम्परिक तत्वों के व्यवहार, जीवन्तता और भविष्य को खतरा है

16. Safeguarding measures proposed

(This section should identify and describe safeguarding measures to protect and promote the element/cultural tradition. Such measures should be concrete and can be implemented to formulate future cultural policy for safeguarding and promoting the element/cultural tradition in the state).

संरक्षण के क्या उपाय अपनाने के सुझाव हैं ?

(इसमें उन उपायों के पहचान कर उनकी चर्चा करें जिससे के प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा के तत्त्वों के संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा मिल सके/ये उपाय ठोस हों जिसे भविष्य की सांस्कृतिक नीति के साथ आत्मसात किया जा सके ताकि के प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा के तत्त्वों का राज्य स्तर पर संरक्षण किया जा सके।)

1- इन जातीय परम्पराओं को सुरक्षित रखने के लिए इन्हे व्यापक प्रचार प्रसार के द्वारा प्रोत्साहित किया जाना चाहिए और इनके दस्तावेजीकरण के लिए खोज एवं पहचान के साथ शोधपूर्ण आलेखन और उसका प्रकाशन किया जाना चाहिए।
2- समाज में इसके व्यवहारिक स्वरूप को बचाए रखने के लिए इन दलों को वर्तमान समय अनुरूप शिक्षण–प्रशिक्षण और इनकी कला के माध्यम से आर्थिक संरक्षण प्रदान की जानी चाहिए।
3- इनका संवर्धन इस प्रकार करना होगा जिससे ये अपने को उपेक्षित न महसूस करें और इस कला को अपनायें रखने में वे आत्मसम्मान का अनुभव करें।
4- अगली पीढ़ी इस विधा को अपनाने के लिए उत्साहित हो, ऐसे कार्यक्रमों को लम्बे समय तक संचालित करना और इसमें इनकी भागीदारी को प्रोत्साहन देने के लिए सुविधाएँ प्रदान करना होगा।
5- स्थानीय/ राज्य /राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर इनके प्रदर्शनों/आयोजनों को बढ़ावा देना होगा।
6- इनके स्तर में सुधार के लिए इन्हे वेश–भूषा, वाद्य यंत्र, उन्नत स्थिति प्राप्त करने हेतु कार्यशालायें एवं इसी प्रकार की अन्य सुविधाएं प्रदान करनी होगी।

7. Community Participation (Write about the participation of communities, groups and individuals related to the element/cultural tradition in formulation of your project).

सामुदायिक सहभागिता

(प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा के तत्त्वों के संरक्षण की यौजना में समुदाय, समूह, व्यक्ति की सहभागिता के बारे में लिखें)

प्रस्तावित योजना का संरक्षण का सबसे अहम हिस्सा समुदाय/ समुह और व्यक्ति की सहभागिता पर निर्भर है।

टूटती सामाजिक कड़ियों ने इन विधाओं को भारी क्षति पहुचाई है। सामाजिक स्तर पर यदि इनके हिस्से का सम्बल और आत्मसम्मान प्राप्त होता रहे तो यह इन कलाकारों के लिए संजीवनी सिद्ध होगी।

बदले हुए सामाजिक परिवेश में पहले की तरह सामाजिक रीति–रिवाजों में इसका चलन समाप्ती के कगार पर है। अतः इस समुदाय के लोगों और इन कलाकारों/दलों को मंच देने के अवसर की वृद्धि करने पर ही इनकी सहभागिता में बढ़ोत्तरी हो सकती है।

8. Concerned community organization(s) or representative(s)

(Provide detailed contact information for each community organization or representative or other non-governmental organization that is concerned with the element such as associations, organizations, clubs, guilds, steering committees, etc.)

i. Name of the entity
ii. Name and title of the contact person
iii. Address
iv. Telephone number
v. E-mail
vi. Other relevant information.

सम्बंधित समुदाय के संघठन(नों) या प्रतिनिधि(यों) (प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा के तत्त्वों से जुड़े हर समुदायिक संगठन या प्रतिनिधि या अन्य गैर सरकारी संस्था जैसे की एसोसिएशन, आर्गेनाइजेशन, क्लब, गिल्ड, सलाहकार समिति, स्टीयरिंग समिति आदि)

1– संस्था /कम्पनी/ हस्ती का नाम

2– सम्बंधित/ अधिकारी व्यक्ति का नाम पदनाम व संपर्क

3– पता

4– फोन नंबर : मोबाइल न. :

5– ईमेल :

6– अन्य सम्बंधित जानकारी

<u>कृपया देखें संलग्नक संख्या–5</u>

स पारम्परिक कला के व्यक्ति सर्वथा अशिक्षित वर्ग से रहें हैं। अतः प्रारम्भ से ही केवल इस विधा पर केंद्रित कोई संगठन नहीं है। कुछ जगहों पर इनकी जातिगत यूनियन आदि हो सकती है जो किसी भी प्रकार से स सांस्कृतिक विरासत/ परम्परा के प्रस्तावित योजना के दृष्टिकोण से कोई कार्य नहीं करती।

से में जो कलाकार एवं दल इस विधा के प्रदर्शन में संलग्न हैं वहीं इस बिन्दू के सही प्रतिनिधि हैं जिनकी ूची एवं विवरण संलग्नक संख्या 5 पर प्रस्तुत है।

ive information of any Inventory, database or data creation centre (local/state/national) that you ay be aware or of any office, agency, organisation or body involved in the maintenance of the id inventory etc.

किसी मौजूदा इन्वेंटरी, डेटाबेस या डाटा क्रिएशन सेंटर (स्थानीय/राज्यकीय/राष्ट्रीय) की जानकारी जिसका आपको पता हो या आप किसी कार्यालय, एजेंसी, आर्गेनाईजेशन या व्यक्ति की जानकारी को इस तरह की सूची को संभल कर रखता हो उसकी जानकारी दें।

1- इस प्रकार की कोई भी जानकारी अभी तक अप्राप्य है।
2- इस योजना के तहत किये जा रहे कार्यों से इस प्रकार की सूचना संकलित होने की उम्मीद सर्वथा उपयुक्त है।
3- वर्तमान में हमारे द्वारा किये गये कार्य से जिन व्यक्तियों की जानकारी एकत्र हुई है (संलग्नक संख्या–5) उन्हे हम व्यवस्थित रखते हुए आने वाले समय में उत्तरोत्तर वृद्धि करेगें।

20. Principal published references or documentation available on the element/cultural tradition (Books, articles, audio-visual materials, names and addresses of reference libraries, museums, private endeavours of artistes/individuals for preservation of the said element, publications or websites).

प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा के तत्त्वों से संबंधित प्रमुख प्रकाशित संदर्भ सूची या दस्तावेज़ (किताब, लेख, ऑडियो–विसुअल सामग्री, लाइब्रेरी, म्यूजियम, प्राइवेट सह्रदयों संग्राहकों, कलाकारों व्यक्तियों के नाम और पते तथा वेबसाइट आदि जो सम्बंधित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा के तत्त्वों केबारे में हों।

यह विरासत सर्वथा मौखिक परम्परा के रूप में ही है, अतः कोई किताब या महत्वपूर्ण अभिलेख प्राप्त नहीं है।

कुछ लेखकों, सुह्रदय संग्राहकों में कभी–कभी इस प्रकार का कुछ कार्य किया है, जिसका वे सुरक्षित संकलन उपलब्ध कराने में असमर्थ हैं, मगर कुछ प्रयासो से आगे ऐसे लेख एवं अन्य सामाग्री उपलब्ध कराने का वादा किया है।

हस्ताक्षर :	– [signature]
नाम व पदनाम :	– राजकुमार शाह (निदेशक)
संस्थान का नाम (यदि है तो) :	– समूहन कला संस्थान
पता :	– एफ–6 के सामने, रैदोपुर कालोनी, आजमगढ़–276001
फोन न. :	– ————
मोबाइल :	– 09451565397
ईमेल :	– shikharrajshah@gmail.com
वेबसाइट :	– ————

संगीत नाटक अकादेमी Sangeet Natak Akademi
NATIONAL ACADEMY OF MUSIC, DANCE AND DRAMA

Scheme for "Safeguarding the Intangible Cultural Heritage and Diverse Cultural Traditions of India"

Form for National Inventory Register of Intangible Cultural Heritage of India

भारत की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत एवं परम्पराओं के संरक्षण की योजना का प्रपत्र

1. Name of the State
प्रस्तावित योजना का कार्यक्षेत्र राज्य

उत्तर प्रदेश
(UTTAR PRADESH)

2. Name of the Element/Cultural Tradition (in English)
योजना के प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा का नाम (क्षेत्रीय, स्थानीय, हिंदी एवं अंग्रेज़ी में)

जांघिया नृत्य (इसे अहिरवा और फरूवाही नृत्य भी कहा जाता है)
(JHANGHIYA or AHIRAWA or PHAROOWAHI DANCE)

3. Name of the element in the language and script of the community Concerned, if applicable
योजना के प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा से सम्बंधित समुदाय का भाषिक क्षेत्र और भाषा, उपभाषा तथा बोली का विवरण

भाषिक क्षेत्र – पूर्वी उत्तर प्रदेश
भाषा – भोजपुरी
उपभाषा और बोली – पश्चिमी भोजपुरी एवं कहीं–कहीं अवधी मिश्रित भोजपुरी

4. Name of the communities, groups or, if applicable, individuals concerned (Identify clearly either of these concerned with the practice of the said element/cultural tradition)
योजना के प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा से स्पष्ट रूप से सम्बंधित प्रतिनिधि ग्राम, समुदाय, समूह, परिवार एवं व्यक्ति का नाम एवं संपर्क (विवरण अलग से संलग्न करें)

प्रतिनिधि ग्राम – पूर्वी उत्तर प्रदेश के अनेक गांव
समुदाय एवं समूह – यादव (अहीर) समुदाय
परिवार एवं व्यक्ति का नाम एवं संपर्क – व्यक्तियों के नाम, ग्राम एवं पता आदि विवरण अलग से संलग्न है।
संलग्नक संख्या – 6

5. Geographical location and range of the element/cultural tradition (Please write about the other states in which the said element/tradition is present.
योजना के प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा के तत्त्वों की जीवंतता का विस्तारित भौगोलिक क्षेत्र (ग्राम, प्रदेश, राज्य, देश, महादेश आदि) जिनमें उनका अस्तित्व है/पहचान है ।

उत्तर प्रदेश राज्य के पूर्वी प्रदेश के विभिन्न जनपदों के विभिन्न ग्रामों में, देश–भारत (INDIA)

6. Identification and definition of the element/cultural tradition of the India (Write "Yes" in one or more boxes to identify the domain(s) of intangible cultural heritage manifested by the element. If you tick 'others', specify the domain(s) in brackets.)
   i. (✓) oral traditions and expressions, including language as a vehicle of the intangible cultural heritage
   ii. (✓) performing arts
   iii. (✓) social practices, rituals and festive events
   iv. (   ) knowledge and practices concerning nature and the universe
   v. (   ) traditional craftsmanship
   vi. (   ) other(s)

योजना के प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा की पहचान एवं उसकी परिभाषा/उसका विवरण

1. ✓ मौखिक परम्पराएं एवं अभिव्यक्तियाँ (भाषा इनमें अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के एक वाहक के रूप में है)
2. ✓ प्रदर्शनकारी कलाएं
3. ✓ सामाजिक रीति–रिवाज़, प्रथाएँ, चलन, परम्परा, संस्कार, एवं उत्सव आदि
4. प्रकृति एवं जीव–जगत के बारे में ज्ञान एवं परिपाटी व अनुशीलन प्रथाएं
5. पारंपरिक शिल्पकारिता
6. अन्यान्य

जांघिया नृत्य यादव समुदाय का जातिय नृत्य है। इसका कोई लिखित साक्ष्य या शास्त्र उपलब्ध नहीं है, बल्कि यह मौखिक परम्पराओं, लोक श्रुतियों एवं अभिव्यक्तियों के माध्यम से इस समुदाय में विद्यमान है। यह एक प्रदर्शनकारी कला है, जो इस समुदाय द्वारा खुशी के अवसरों के साथ–साथ सामाजिक रीति–रिवाजों एवं उत्सवों में भी चलन में रहा है।

7. Provide a brief summary description of the element that can introduce it to readers who have never seen or experienced it
कृपया योजना के प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा का एक रुचिपूर्ण सारगर्भित संक्षिप्त परिचय दें।

जांघिया अथवा जांगिया नृत्य विशेषतः यादव (अहिर) समुदाय का जातिय नृत्य है, इसी कारण इसे अहिरवा नृत्य भी कहते हैं। कुछ क्षेत्रों में इसे फरूवाही नृत्य भी कहा जाता है, क्योंकि इसे फार के साथ गाया बजाया जाता है। इसके अलावा नर्तक के कूद कर नाचने और तरह-तरह के करतब दिखाने को इस नृत्य में शामिल करने के कारण, जिसे स्थानीय भाषा में फर्री कहा जाता है, इसे फरूवाही नृत्य कहा जाता है। अहीर जाति के नाम पर इसे अहिरवा और नृत्य की वेशभूषा में एक विशेष प्रकार का जांघिया, जिसपर घुंघरू टंके होते हैं, के कारण इसका नाम जांघिया नाम प्रचलित हुआ है।

यह नृत्य भोजपुरी भाषी इलाकों, पूर्वी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के यादव समुदाय में पाया जात है। इस क्षेत्र के अहीर लोग खुशी के मौके पर यह नृत्य करते हैं। इस समुदाय के लोगों में मान्यता है वि यह भगवान श्रीकृष्ण का नृत्य है। इसकी शुरूआत द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण के द्वारा हुई है। भगवान श्रीकृष्ण जब ग्वाल सखाओं के संग गाय चराते थे तो उस समय को व्यतीत करने के लिए और कंस क सेना के समानान्तर अपने समुदाय के लोगों को सशक्त बनाने या शारीरिक सौष्ठव प्राप्त करने हेतु इस नृत शैली का विकास हुआ।

विद्वानों का मत है कि प्रारम्भ में यह सांकेतिक (मौन) नृत्य था। इसमें वाद्यों या ध्वनियों का अभा था। यह नृत्य मौन रूप में इसलिए किया जाता था कि कंस की सेना/जासूसों को इनकी गतिविधियों व बारे में पता न चल सके। कालान्तर में धीरे-धीरे इसमें मंजीरा, नगाड़ा, घुंघरू, बांसुरी एवं अन्य वाद्य यं शामिल हुए, लेकिन श्रृंगार का पुट इसमें प्रारम्भ से ही माना जाता है। गीतों का प्रयोग इसमें बहुत बाद जुड़ा होगा। अभी भी इस नृत्य का प्रस्तुतिकरण केवल संगीत के साथ भी होता है। अतः इसे देखकर स्पष्ट हो जाता है कि इस नृत्य के साथ गीत प्रस्तुत नहीं किये जाते रहे होंगे। बाद में इसके प्रस्तुतिकरण विभिन्न गीतों का समावेश कर लिया गया। विद्वानों का मत है कि इस प्रकार का बदलाव 12वीं सदी आस-पास हुआ, जब कला संस्कृति और भाषा में लोगों ने बहुत से बदलाव कर लिये थे। इससे इस पारम्परिक स्वरूप में विभिन्नता उत्पन्न हुई। कुछ दल इसके प्रस्तुतिकरण में कुछ प्रयोग भी शामिल कर लगे हैं, इसे मिलावट मानकर विशेषज्ञों ने इसे अनुचित ठहराया है क्योंकि इससे इसके पारम्परिक स्वरूप बिगड़ने या नष्ट होने का खतरा है।

भौगोलिक भिन्नता अथवा क्षेत्रीयता के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर इसमें थोड़ी भिन्नता भी दिखाई देती है। साथ ही इनके गीत-संगीत में क्षेत्रीयता और भाषा (स्थानीय बोली) का फर्क भी दिखता है स्थानीयता का यही पुट नृत्य के मूवमेन्ट और वेशभूषा में भी देखने को मिलती है। वेशभूषा में कहीं घुंघ युक्त जांघिया का प्रयोग मिलता है तो कहीं नहीं मिलता। कहीं कलाकार केवल धोती गंजी पर नृत्य करते तो कहीं राधा कृष्ण के प्रसंग या लीला के अभिनय को नृत्य में शामिल करते हैं। कहीं पूरी तरह से कृष्ण व तरह वस्त्र (कछनी, अंगरखा, मुरली, जांघिया) धारण करते हैं। इन सभी में घुंघरू टंके हुए जांघिया और

शारीरिक सौष्ठव (मार्शल आर्ट) वाले मूवमेन्ट अधिकांशतः पाये गये हैं। इस प्रकार से इसकी वेशभूषा में धोती गंजी के ऊपर घुंघरू टंके हुए चुस्त जांघिया जो विभिन्न रंगों से सजा होता है तथा शरीर पर अंगरखा या दुपट्टा होता है। साथ ही कुछ कलाकार इस नृत्य को प्रस्तुत करते समय साथ–साथ बांसुरी भी बजाते हैं।

नृत्य की शुरूआत खुले मैदान में खड़े वादकों द्वारा वाद्य यंत्रों के वादन से होती है। नृत्य के लिए लगभग 6 डिसिमल मैदान की आवश्यकता होती है। जिससे नर्तक को अपनी कला दिखाने के लिए भरपूर जगह मिल जाती है। वाद्य यंत्रों के लय के साथ नर्तकों का प्रवेश होता है। इसके बाद वाद्य यंत्रों और नृत्य की गति तीव्र हो जाती है। इसके बाद मुख्य गायक गायन शुरू करता है। गायन का मुख्य विषय भगवान कृष्ण के जीवन से जुड़े प्रसंगो का वर्णन है। गायन के उपरान्त नर्तक अभिनय करता हुआ नृत्य करता है।

नृत्य के दौरान नर्तक शारीरिक सौष्ठव का प्रदर्शन भी करते हैं। लाठियों के सहारे तरह–तरह के करतब नृत्य के समय किया जाता है। लाठी के उपर चढना, उसको भांजना, कांधे पर लाठी रखकर उसपर दूसरे नर्तक का चढकर बांसुरी बजाना, नृत्य करना इत्यादि भी शामिल होता है। एक प्रकार से यह शारीरिक करतब का प्रदर्शन भी है।

इस नृत्य के प्रस्तुतिकरण में लाठियों का प्रयोग करतब को शामिल करने के लिए किया जाता है। कहीं–कहीं नर्तक फूल की थाली की बारी (किनारे) पर, सिर पर घड़ा लेकर नृत्य करना और इसी प्रकार के अन्य करतबों को नृत्य में शामिल करते हैं। इसमें प्रयुक्त वाद्यों में ढ़ोलक, नगाड़ा, टिमकी, करताल अर्थात फार (बैलों के हल में लोहे का फार प्रयुक्त होता है) आदि मुख्य है।

लोक परम्पराओं के अन्य नृत्यों की तरह ही इसका मनुष्य के जीवन के साथ नजदीक का सम्बन्ध है। आज के तेजी से बदल रहे सामाजिक परिवेश में अस्तित्व के संकट से जूझते हुए ये अपनी पहचान बनाए रखने के लिए प्रयत्नशील है।

3. Who are the bearers and practitioners of the element/Cultural Traditions? Are there any specific roles or categories of persons with special responsibilities for the practice and transmission of it? If yes, who are they and what are their responsibilities?
योजना के प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा के तत्त्वों के अधिकारी व्यक्ति और अभ्यासी कौन हैं ? क्या इन व्यक्तियों की कोई विशेष भूमिका है या कोई विशेष दायित्व है इस परम्परा और प्रथा के अभ्यास एवं अगली पीढ़ी को संचरण के निमित्त ? अगर है तो वो कौन हैं और उनका दायित्व क्या है।

1. यह नृत्य यादव समुदाय का जातिय नृत्य है। अतः इस पारम्परिक नृत्य के अधिकारी व्यक्ति और अभ्यासी यादव समाज के लोग हैं।
2. इस जाति के लोग अशिक्षित थे। इस लोक नृत्य का कोई लिखित विधान नहीं है। यह पारम्परिक रूप से पीढ़ी दर पीढ़ी स्थानान्तरित हुआ है।
3. यह लोक नृत्य वर्तमान में समाज में आंशिक रूप से ही सुरक्षित है क्योंकि बदलते समय के हिसाब से

अपने को पिछड़ा महसूस करते हैं और रोजी–रोटी के लिए अन्य पेशे की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। एक तरफ पारिवारिक पेशा ही समाप्त हो रहा है तो दूसरी तरफ अपने पारम्परिक नृत्य को समाज के उच्च वर्ग द्वारा निम्न दृष्टि से देखे जाने या आत्म सम्मान न पा पाने के कारण इससे दूर हो रहे हैं औ अगली पीढ़ी को पर्याप्त रूप से इसके लिए प्रमोट नहीं कर रहे हैं।

4. इनकी पारम्परिक लोक संस्कृति और नृत्य को बचाने और सुरक्षित रखने का दायित्व इनके द्वारा तभ सम्भव हो सकेगा जब इन्हें अर्थोपार्जन और सम्मान के साथ–साथ समाज और सरकार का पर्याप संरक्षण दिया जायेगा।

(इनके लोक पारम्परिक विधा को अगली पीढ़ी में स्थानान्तरित करने का दायित्व पूरा करने के लिए इन समर्थन और सम्बल प्रदान करने के लिए अनेकों प्रयास जबर्दस्त ढ़ंग से लम्बे समय तक करने होंगे।)

9. How are the knowledge and skills related to the element transmitted today?
ज्ञान और हुनर/कुशलता का वर्तमान में संचारित तत्त्वों के साथ क्या अंतर सम्बन्ध है ?

- इस सांस्कृतिक विरासत के लोग जातीय समुदाय विशेष से सम्बन्ध रखते हैं जो समाज के सर्वथा अशिक्षित वर्ग से रहे हैं, परन्तु केवल पारम्परिक ज्ञान के सहारे इनकी विधा का हुनर और कुशलता देख कर अचम्भा होता है।
- इनकी हुनर और कुशलता के आगे 'ज्ञान' शब्द फीका पड़ जाता है। इनकी विधा के सन्दर्भ में ज्ञा इनके पारम्परिक अभ्यास का कुशल परिचायक है और इसके लिए इन्हे किसी उच्च शिक्षा को प्राप्त कर के लिए किसी कॉलेज या विश्वविद्यालय की आवश्यकता नहीं होती। ये पीढ़ी दर पीढ़ी परिवार औ प्रकृति के आंगन में अपने पुरखों के और बड़ो के संरक्षण में स्वतःस्फूर्त अभ्यास से न केवल कुशल बल्कि इतने पारगंत हो जाते हैं जो किसी उच्च प्रशिक्षण वाले महाविद्यालय द्वारा प्राप्त करना मुश्किल जा पड़ता है।
- ज्ञान का सम्बन्ध शास्त्रज्ञता से है ओर हुनर तथा कुशलता का सम्बन्ध लोकज्ञता से है। शास्त्रज्ञता लोकज्ञता को पर्याप्त सम्मान नहीं दिया है। इसका सबसे अच्छा उदाहरण आज के वर्तमान आधुनिक समाज में इन पारम्परिक कलाओं की स्थिति कैसी है, यहीं जान लेना पर्याप्त होगा। बिकल्प केवल यह शेष है कि इस 'ज्ञान' को इसके पारम्परिक विद्यालय में ही समय रहते सवाँर लिया जाय और इस हुन की निरन्तरता बनायी रखी जाए।

0. What social functions and cultural meanings do the element/cultural tradition have today for its community?
आज वर्तमान में सम्बंधित समुदाय के लिए इन तत्त्वों का सामाजिक व सांस्कृतिक आयोजन क्या मायने रखत हैं ?

अन्य प्रान्तों में लोक संस्कृति को समाज का पर्याप्त संरक्षण मिला, जबकि भोजपुरी क्षेत्र में गरीबी ज्यादा रह और लोग रोजी–रोटी के लिए संघर्षरत रहे और समाज का पर्याप्त समर्थन नहीं मिला। इसलिए आज वर्तमान

में यह समुदाय अपने इन पारम्परिक लोक तत्वों का सामाजिक एवं सांस्कृतिक प्रकाशन/आयोजन के लिए अत्यधिक दुख दर्द का सामना कर रहा है।

एक तरफ पूर्व की पीढ़ी के आंखों में अपनी लोक परम्परा को खो देने की पीड़ा स्पष्ट दिखाई दे रही है। तो दूसरी तरफ पेट के लिए अगली पीढ़ी को इसे अपनाने के लिए जोर नहीं देना चाहते। पारिवारिक पेशा ही जब समाप्त हो रहा हो और रोजी–रोटी का संकट पैदा हो गया हो तो धन प्रधान समाज में ये पारम्परिक सन्दर्भों में अपने दायित्व से विमुख होने के लिए मजबूर हैं। हांलाकि बातों–बातों में यह स्वीकार करते हैं कि यदि इन्हें रोजी–रोटी की सुरक्षा, सम्मान और इनका हित सुरक्षित रहे तो ये अपनी लोक पारम्परिक विधाओं को संजोने और उसे आगे बढ़ाने के लिए काफी हद तक तैयार हैं।

11. Is there any part of the element that is not compatible with existing international human rights instruments or with the requirement of mutual respect among communities, groups and individuals, or with sustainable development? i.e. describe any aspect of the element/cultural tradition that may be unacceptable to Law of the country or may be in opposition to practicing community's harmony with others.
क्या योजना के प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा के तत्त्वों में ऐसा कुछ है जिसे प्रतिपादित अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार के मानकों के प्रतिकूल माना जा सकता है या फिर जिसे समुदाय, समूह या किसी व्यक्ति के आपसी सम्मान को ठेस पहुँचती हो या फिर वे उनके स्थाई विकास को बाधित करते हों, क्या प्रस्तावित योजना के तावत या फिर सांस्कृतिक परम्परा में ऐसा कुछ है जो देश के कानून या फिर उनसे जुड़े समुदाय के समन्वय को या दूसरों को क्षति पहुंचाती हो ? विवाद खड़ा करती हो ?

प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा के तत्वों में ऐसा कुछ भी नहीं है।

12. Your Project's contribution to ensuring visibility, awareness and encouraging dialogue related to the element/cultural tradition.
प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा की योजना क्या उससे सम्बंधित संवाद के लिए पारदर्शिता, सजगता और प्रोत्साहन को सुनिश्चित करती है

बदलते परिवेश में सामाजिक ताना–बाना इस कदर बदल गया है कि जांघिया नृत्य जैसे पारम्परिक लोक नृत्यों की कद्र समाप्त हो गयी है। इससे भारत की परम्परागत लोक संस्कृति को भी क्षति पहुंची है।

जांघिया नृत्य का कोई लिखित साहित्य या पुस्तक नहीं है। यह मौखिक रूप से एक पीढ़ी से अगली पीढ़ी में जाता रहा है। इसके वाद्‌य यन्त्र, गायकी और नृत्य को देखकर ही बच्चों के मन पर इसके संस्कार पड़ते जाते थे और वे सहजता से इसे आत्मसात कर लेते थे। इस जाति के पारिवारिक समारोहों में किया जाने वाला जांघिया नृत्य बदलते परिवेश में पीछे छूटा जा रहा है।

इसका मुख्य कारण है इनके पैतृक व्यवसाय का खत्म होना। आजीविका के लिए दूसरे व्यवसाय को अपनाना और शहर की ओर पलायन। दूसरी ओर मनोरंजन के आधुनिक साधनों को बढ़ना। इससे इ समुदाय के सम्मुख पेट भरने की और सम्मानजनक जीवन जीने की समस्या आ खड़ी हुई है।

जांघिया नृत्य को आज भी जो लोग कर रहे हैं वे आशंकित हैं कि वे कितने दिन तक इसे जीवित रख सकेंगे, क्योंकि इसके कलाकार गिने चुने हैं और अगली पीढ़ी अब इसे सीखना नहीं चाहती।

प्रस्तावित सांस्कृतिक विरासत/परम्परा की योजना से इन कलाकारों की आंखों में कुछ आशा उत्प होने के सम्भावना है। उन्हें भी ऐसा लगता है कि इस प्रकार की योजना से उनका कुछ संरक्षण किया ज तो उनकी यह मरती विधा बच जायेगी।

जांघिया नृत्य के पारम्परिक स्वरूप को यदि पर्याप्त मंच दिया जाय और इसे बचाने का यथेष्ट प्रय किया जाय। इसे प्रदर्शित और ख्याति दिलायी जाय तो यह समाज के अन्य लोगों का भी ध्यान आकृ करेगी। समुदायों और राज्यों के बीच संवाद को बढ़ायेगी।

